हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 महेश नवमी पर माहेश्वरी युवा संगठन का ...


14 12 साल बेमिसाल, भारत का आत्मसम्मान..




## खबर संक्षेप

### बारगांव में तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत

**बेरला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। अतिथि सच्चिदानंद मिश्रा ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। प्राचार्य श्याम सिंह ने बच्चों को मेहनत और अनुशासन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक गण विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह, व्याख्याता देवधर कुमार देवांगन, श्याम सुंदर साहू, हिमाचल साहू, संजय बन्छोर, डीआर साहू, हरीश साहू, भीष्म देव साहू, डीजी रानी साहू, पूर्णिमा साहू, तुलसी साहू, गुमान यादव, भूपेश सिन्हा और छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलतराम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ट्रेडिंग कंपनी में निवेश का झांसा, गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रेडिंग कंपनी में निवेश का झांसा देकर 25 लाख रुपए का ठगी करने वाले दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि फातिमा अहमद उर्फ स्वाती ने नेहरु भवन के पास अनाज लाइन सुपेला निवासी पवन हरिहर सिंह और उसकी पत्नी पिंकी सिंह ने स्वयं को फाइनेंशियल कंसलटेंट बताकर ट्रेडिंग कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा दिया। पीडिता ने 25 लाख रुपये निवेश कर दिया। पीड़िता की सहेली रजनी बारसकर के सोने के जेवरात प्राप्त कर गिरवी कर 15 लाख रुपये प्राप्त किया। ठगी के बाद दपत्ति फरार हो गए थे। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर पवन हरिहर सिंह एवं पिंकी सिंह को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनो ने स्वीकार किया कि निवेश का लाभ दिखाकर ठगी किया है।

# अंधेरे के साए में शहर, महीनों से बंद स्ट्रीट लाइटें बनीं हादसों का कारण

## नगर पालिका के विकास और रोशनी के दावों की खुली पोल, हाईवे से लेकर प्रमुख चौक-चौराहों तक पसरा अंधकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय की पहचान बनने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अब रात के समय अंधेरे की चादर में लिपटा नजर आ रहा है। शहर के बीचों-बीच गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-130बी) सहित कई प्रमुख मार्गों पर लगी दर्जनों स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता और रखरखाव के अभाव ने शहर की रोशनी को निगल लिया है, जबकि विकास और सौंदर्यीकरण के बड़े-बड़े दावे लगातार किए जा रहे हैं।

शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों पर फैले अंधेरे ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। सिग्नल चौक से कवर्धा रोड स्थित पिकरी बस्ती तक, रायपुर मार्ग में कलेक्ट्रेट के समीप तथा दुर्ग मार्ग में सिंघौरी बस्ती तक कई दर्जन स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील सिग्नल चौक की है, जहां आधा दर्जन से अधिक लाइटें खराब होने के कारण रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस हाईवे की जगमगाहट शहर की पहचान बननी चाहिए थी, वह अब प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। रात के समय सड़क पर प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।

### अंधेरा हादसे को दे रहा निमंत्रण

भारी वाहनों की आवाजाही वाले इन मार्गों पर अंधेरा किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण देता दिखाई दे रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कलेक्ट्रेट और अधिकारियों के आवासीय परिसरों के आस पास भी कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसके बावजूद नगर पालिका की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। शहरवासियों में इस मुद्दे को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका कर और अन्य शुल्कों की वसूली में तो सक्रिय रहती है, लेकिन नागरिक सुविधाओं के रखरखाव को लेकर उदासीन बनी हुई है। हर वर्ष स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव और मरम्मत पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद शहर की प्रमुख सड़कें अंधेरे में डूबी रहना कई सवाल खड़े करता है। फिलहाल शहरवासियों की निगाहें नगर पालिका प्रशासन पर टिकी हैं। अब यह देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारियों का आश्वासन धरातल पर कब उतरता है या फिर बेमेतरा की जनता को आने वाले दिनों में भी अंधेरी और असुरक्षित सड़कों पर सफर करने के लिए मजबूर रहना पड़ेगा।



### मरम्मत कराई जाएगी: सीएमओ

मामले में नगर पालिका बेमेतरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नरेश वर्मा ने कहा कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की जानकारी प्राप्त हुई है। तकनीकी खामियों को दूर कर जल्द ही सभी खराब लाइटों की मरम्मत कराई जाएगी ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## स्वच्छता, रोजगार और आत्मनिर्भरता पर फोकस: बेरला में सरपंच सम्मेलन संपन्न

# जिपं अध्यक्ष कल्पना ने ग्राम पंचायतों को आदर्श विकास मॉडल बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मेलन एवं विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विषयक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बेरला विश्राम गृह सभागार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन तथा ग्रामीण विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विकासखंड के सभी सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है और इसे गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सरपंचों से अपने-अपने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए जनभागीदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। चार रंगों के डिब्बों से होगा वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर कचरा पृथक्करण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए चार रंगों के डिब्बों का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में संग्रहित करेगा तो गांवों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, बीमारियों में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।



### गांवों में रोजगार बढ़ाने पर विशेष जोर

*जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव स्वच्छ, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। उन्होंने बताया कि विकसित भारत- रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के माध्यम से ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन की समस्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतें शासन और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार जैसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।*

### चुनौतियों और समाधान पर हुई चर्चा

*कार्यशाला में सरपंचों को स्वच्छ भारत मिशन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम विकास योजनाओं, आजीविका संवर्धन तथा रोजगार सृजन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर आने वाली चुनौतियों एवं उनके व्यावहारिक समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, सरपंच संघ अध्यक्ष पिंटू सिन्हा सहित विकासखंड के सभी सरपंच उपस्थित रहे।*

# बुजुर्ग दंपत्ति पर आधी रात हमला, महिला के गले से 50 हजार के चांदी के जेवर लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

थाना खम्हरिया क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी, ठगी और लूट की घटनाओं के बीच शुक्रवार की देर रात अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने ग्राम करमू में एक बुजुर्ग दंपत्ति को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने सो रही बुजुर्ग महिला के गले से करीब 50 हजार रुपये मूल्य के चांदी के जेवर झपट लिए तथा विरोध करने पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करमू निवासी लखनलाल एवं उनकी पत्नी शांति बाई शुक्रवार रात अपने घर में सो रहे थे। रात लगभग एक बजे दो अज्ञात बदमाश घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। आंगन में सो रही शांति बाई के गले में पहने चांदी के जेवर पर उनकी नजर पड़ी। बदमाशों ने अचानक झपट्टा मारकर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मौके पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वॉड की ली मदद

घटना की सूचना मिलते ही थाना खम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के आसपास पैरों के निशान मिलने पर पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की भी सहायता ली। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6), 331(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 20 दिनों में चौथी बड़ी वारदात, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

क्षेत्र में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 20 दिनों के भीतर थाना क्षेत्र में यह चौथी बड़ी घटना है। इससे पहले ग्राम गातापार स्थित एक वेल्डिंग दुकान से करीब 1.5 लाख रुपये की चोरी, बाइक चोरी, साप्ताहिक बाजार में जेबतराशी, ग्राम सोनचिरिया के एक ग्रामीण से 4.32 लाख रुपये की साइबर ठगी तथा बस स्टैंड में महिला के साथ नकली सोना देकर 2 लाख रुपये की ठगी जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार बढ़ रहे अपराधों से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने तथा अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कुष्ठ रोग खोज सर्वे और पल्स पोलियो अभियान को लेकर स्वास्थ्य अमला हुआ प्रशिक्षित



**बेमेतरा।** आगामी कुष्ठ रोगी खोज सर्वे एवं पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनू में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं जिला स्वास्थ्य ▶▶|शेष पेज 13 पर

# अंतर्जातीय विवाह योजना में रिश्वतखोरी पर कलेक्टर की कार्रवाई, सहायक ग्रेड-2 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन ने अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना में रिश्वतखोरी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 विनय कुमार कुर्रे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के एवज में अनुचित रूप से राशि लेने की शिकायत जांच में सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुरी निवासी दिलेश बंजारे ने 11 जून 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत आवश्यक विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने के बदले उनसे अवैध रूप से राशि की मांग कर ली गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कार्यालय ने अगले ही दिन 12 जून को जांच समिति गठित कर मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए थे। जांच समिति द्वारा की गई पड़ताल के बाद 19 जून को प्रस्तुत प्रतिवेदन में शिकायत को सही पाया गया। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि संबंधित कर्मचारी का आचरण कदाचार की श्रेणी में आता है तथा ▶▶|शेष पेज 13 पर



- विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र के नाम पर राशि लेने की शिकायत सही पाई गई
- जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबन

## जिले के 1.09 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 21.84 करोड़ रुपये

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान 23वीं किस्त की राशि देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से जारी की गई। इस अवसर पर बेमेतरा जिले के लगभग 1 लाख 09 हजार किसानों के खातों में 21 करोड़ 84 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई।

राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि उपज मंडियों, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।



किसानों ने योजना के तहत प्राप्त आर्थिक सहायता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिलने वाली यह राशि खेती-किसानी के कार्यों में काफी मददगार साबित हो रही है। किसानों के अनुसार इस राशि का उपयोग बीज, उर्वरक, कृषि आदान सामग्री की खरीदी तथा अन्य कृषि कार्यों में किया जा रहा है, जिससे कृषि गतिविधियों को गति मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर किसानों को केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, मृदा परीक्षण कराने, नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के 40 किसानों ने सहभागिता की। किसानों ने सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये योजनाएं कृषि विकास के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों का समय-समय पर अद्यतन कराने तथा विभाग से नियमित संपर्क बनाए रखने की अपील की है। विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाने के लिए लगातार जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल इंगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम............................ 2. पिता/पति............................
3. जन्म तिथि अंकों में............................ 4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम............................पोस्ट............................तहसील............................
............................जिला............................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1............................मो. नं. 2............................वाट्सअप नं............................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं............................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881**
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989

## खबर संक्षेप



### उरला शिविर में बनाए गए मजदूर कार्ड

**दुर्ग।** दुर्ग शहर के आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 में शुक्रवार को सहायक श्रमायुक्त के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक मजदूरकार्ड का शिविर आयोजित किया गया। इसी प्रकार आगामी बुधवार 24 जून को भी सामुदायिक भवन में नगर निगम का जोन कार्यालय संचालित किया जाएगा जिसमें शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान आधारकार्ड संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। नगर निगम का मकान प्रापर्टी टैक्स,राशनकार्ड का निर्माण संशोधन, विलोपन तथा सभी निगम द्वारा जारी सभी प्रकार की पेंशन संबंधित का कार्य भी जोन कार्यालय में 24 जून को किया जाएगा। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष व संस्थापक जयवर्धन ने बताया कि संगठन की अपील के बाद यह कार्यालय खुल रहा है, जहां नियमित रूप से बुधवार के दिन जनता के जुड़े कार्यों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### आयुष्मान भारत से मिला 1.20 लाख का निःशुल्क इलाज



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बदलता भारत-बढ़ता भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचकर उनसे संवाद किया तथा उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली इस अवसर पर जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक दीपक सिन्हा, मंडल महामंत्री अनिल यादव, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक ईश्वर देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिला लाभार्थी उपस्थित थीं। भाजपा द्वारा चलाए जा विशेष संपर्क अभियान के तहत प्रदेश झुग्गी झोपड़ी सह संयोजक दिनेश देवांगन ने केलाबाड़ी क्षेत्र में निवासरत एवं मितानिन के रूप में सेवाएं दे रही श्रीमती प्रविता लिल्हारे से मुलाकात की। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित प्रविता लिल्हारे एक समय जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे लाखों रुपये का इलाज करा सकें। ऐसे कठिन समय में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर सामने आई। रायपुर एम्स में उनका लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का उपचार पूरी तरह निःशुल्क हुआ, जिससे उन्हें नया जीवन मिला। अपने अनुभव साझा करते हुए प्रविता लिल्हारे भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि यदि आयुष्मान भारत योजना का सहारा नहीं मिलता तो उनके लिए इतना महंगा इलाज कराना संभव नहीं था। आज वे स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी पा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है।

# हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, भिलाई मैत्रीबाग हुआ गुलजार

## भीषण गर्मी से राहत मिलते ही जानवर अपने कैज से बाहर निकल बाड़े में कर रहे उछलकूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर का मौसम खुशनुमा होते ही मैत्रीबाग में रौनक आ गई है। सैलानियों की भीड़ के साथ वन्य प्राणियों की भी उछलकूद बढ़ गई है। भीषण गर्मी के कम होते ही ट्विनसिटी के साथ ग्राम्य अंचल के पर्यटक भी प्रकृति का रोमांच के लिए चिड़ियाघर का रुख कर रहे हैं। पहली बार या सालों बाद यहां आने वाले पर्यटक खासे खुश हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते पांच दिन से शहर में बदली और बारिश के चलते माहौल ठंडा हो गया है। मानसूनी दस्तक के चलते दिन में तापमान में भारी गिरावट के साथ शाम को हल्की बारिश और ठंडी हवा चलती है। यह खुशुनुमा मौसम मैत्रीबाग के जानवरो व परिंदो के साथ पर्यटकों के लिए भी रोमांच और सुकून लेकर आया है। पिछले पांच दिनों में ही मैत्रीबाग विजिट के लिए आने वालों की तादाद पंद्रह फीसदी बढ़ गई है। खासकर नन्हें पर्यटक और युवा प्रकृति के बीच पहुंचकर खासे प्रसन्न हैं। वहीं पाटन, सेलूद. अहिवारा और धमधा आदि से आने वालों ग्रामीणों की भी खासी संख्या है। कई पर्यटक यहां मौमस ठंडा होते ही इसका लुत्फ उठाने अपने कैज से बाहर एनक्लोजर में उछलकूद कर रहे जानवरों की चपलता और उछलकूद का मजा ले रहे हैं। यहां पांच वाइट टाईगर और एक तेंदुआ गर्मी में अपने के अंदर ही सिमटे रहते थे रहते थे लोग इनके दीदार के लिए तरस जाते थे। वहीं अब गर्मी से व्याकुल रहने वाले हिरण अपने बाड़े में चौकड़ी भर रहे हैं। लोग इन कुलांचे भरते हिरणों के समूहों के मोबाइल कैमरे से फोटो ले रहे हैं।





### बड़र्स कामपलेक्स में परिंदों का कलरव

मैत्रीबाग में नील गाय, सांभर के साथ बड़र्स काम्पलेक्स में भी खासी गहमागहमी दिखाई दे रही है। यहां बच्चे व युवा जोड़े परिंदों की चहचहाहट के बीच खासे खुश हैं। बदली पानी का मौसम यहां पांच मोरों को बारिश का एहसास करा रहा है। मारे खुशी से अपने पंख फैलाकर मोर को नृत्य करते देख बच्चे और युवा जोड़े फोटो लेते खुश हो रहे हैं। बड़र्स काम्पलेक्स में लव बड़र्स. गिनीपिक. तोते,स्टुवर्ड स्टार्क और कबूतर और ऊलूक आदि 23 प्रजाति के सौ परिंदे व बंदर हैं।

## यूनियनों ने कहा जलभराव से दुर्घटना का अंदेशा, जल्द लगाएं ढक्कन

# आ रहा है बारिश का मौसम, टाउनशिप के खुले में खतरा बने गटर के सैकड़ों मेनहोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून की आहट के बीच बीएसपी टाउनशिप खुले में पड़े गटर के मेनहोल खतरनाक साबित होंगे। हर साल बारिश में बिना कवर के इन छोटे टैंकों में पानी भर जाने के बाद भी अब तक इनमें कव्हर लगाने का काम नगर सेवा विभाग ने शुरु नही किया है। इसके चलते चार महीने वर्षा के मौसम में दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। यूनियनों ने जल्द बैकलेन या सड़को के किनारे गटर के टैंकों में कवर लगवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बरसात का मौसम दस्तक दे रहा है। दो दिन में मानसून यहां पहुंचने की मौसम विभाग ने सूचना भी दे दी है। इसके चलते टाउनशिप के लोगों के लिए फिर से जगह जगह खुले गटर के मेनहोल चिंता का कारण बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 1 से लेकर सेक्टर 10 और रुआबांधा सेक्टर तक जगह जगह सेप्टिक व गटर के सीमेंट के छोटे छोटे बने टांकेनुमा मेनहोल खुले पड़े हैं। बीएसपी सेक्टरों में क्वार्टरों के पीछे यानी बैकलेन और क्रास स्ट्रीटों के बिल्कल किनारे ऐसे हजारों मेन होल हैं जिनमें सीमेंट के कव्हर नहीं लगे हैं। या तो टूट चुके हैं या फिर चोरों ने लोहे की छड़ निकालने के लिए चोरी कर लिये हैं। इस दौरान बीएसपी के पीएचडी विभाग ने इनमें कव्हर लगाने की जहमत नहीं उठाई है। इसके चलते बारिश के मौसम में जलभराव से राहगीरों, बच्चे, छोटे जानवरों आदि के इनमें गिरने की आशंका बनी हुई है। विभिन्न सेक्टरों में बिना कव्हर के ऐसे मेनहोल हजारों में बताए गए हैं।

### सालों बाद भी पीएचडी विभाग ने नहीं लगाए कव्हर





### जलभराव से दुर्घटना का अंदेशा

रहवासियों ने बताया कि यदि बारिश के पूर्व सभी खुले मेनहोलों में जल्द कव्हर नहीं लगाए गए तो अधिक बारिश में दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। हर साल जलभराव से आसपास पानी भर जाने से लोगों को पता ही नहीं चलता कि बीच में गटर का खुला मेनहोल कहां है। इसके चलते इनके अंदर गिरने से चोटिल या डूबने का खतरा बना रहता है। सेक्टर ए मार्केट के सामने दर्जनभर गटर के होल में ढक्कन नहीं है। सेक्टर 7 में सड़क 34 के पास भी आधा दर्जन व कुर्मी भवन रोड में पांच मेनहोल में दो साल से ढक्कन नहीं है। बारिश में बिल्ली,सूअर व कुत्ते के बच्चे कई बार गिर चुके हैं। दो साल पूर्व भी एक कचरा बीनने वाली बच्ची गिरकर पांव फैक्टर करवा चुकी है। एक सूअर को पीएचडी की टीम ने निकाला था।

### सर्वे बाद भी नहीं लगे कव्हर

टाउनशिप में वर्षों पूर्व जगह जगह स्थित गटर के बेकव्हर मेनहोलों का बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के पीएचडी विभाग द्वारा सर्वे कराया गया था। यूनियनों के मुताबिक सर्वे में सभी सेक्टरों में बिना कव्हर के करीबन दो हजार मेनहोल चिन्हिंत किए गए थे। इसके बाद सभी में कव्हर लगाने की योजना बनी थी। लेकिन कुछ में ही ढक्कन लगाए गए बाकी आज तक ऐसे ही हादसों को आमंत्रित करते बेकवहर हैं । यूनियनों ने बारिश पूर्व सभी खुले मेनहोल में सीमेंट के कव्हर लगाने की मांग बीएसपी से की है।

# निगम ने वाटर एटीएम किया सील, मिलीभगत का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खुर्सीपार मदर्स मार्केट में जनता की सुविधा के लिए संचालित वाटर एटीएम को नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 अधिकारियों द्वारा सील किए जाने का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने निगम आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर इस कार्रवाई को विधि-विरुद्ध और जनविरोधी बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पानी माफियाओं को अनुचित लाभ पहुंचाने की नीयत से यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

■ जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने निगम आयुक्त से की शिकायत

आप जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा कि मदर्स मार्केट का यह वाटर एटीएम वर्षों से बंद पड़ा था। कई महीनों तक लगातार जनहित में शिकायतें और प्रयास करने के बाद संचालन एजेंसी मेसर्स फ्रेश फाउंडेशन के माध्यम से इस वाटर एटीएम को पुनः चालू कराया गया था। भीषण गर्मी के इस मौसम में जब आम जनता को स्वच्छ औ र कि फा य ती पेयजल मिलने लगा, तभी अचानक 17 जून को जोन-4 के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में आकर वाटर एटीएम को जबरन सील कर दिया। निगम आयुक्त से मांग की गई है कि खुर्सीपार मदर्स मार्केट के वाटर एटीएम को तत्काल प्रभाव से खुलवाया जाए, ताकि जिस जनकल्याणकारी उद्देश्य के लिए इसे लाखों रुपये की लागत से बनाया गया है, उसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके।

# ट्रैफिक पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद सड़कों पर बहाल किया यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में 17 जून की शाम आए तेज आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश के बीच यातायात पुलिस दुर्ग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कई घंटों तक राहत एवं यातायात व्यवस्था संभाली। खराब मौसम के कारण सड़कों पर गिरे पेड़, जलभराव और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से प्रभावित मार्गों को पुलिस ने नगर निगम और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जल्द ही सुचारू करा दिया।

■ आंधी-तूफान और भारी बारिश में गिरे पेड़ हटाए, डिवाइडर पर चढ़े वाहन क्रेन से निकाले

आंधी और तेज हवाओं के कारण जिले के कई शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ और उनकी शाखाएं सड़कों पर गिर गईं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। लगातार बारिश और कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित होने से दृश्यता भी काफी कम हो गई थी। इसी दौरान कुछ वाहन चालक सड़क का सही अनुमान नहीं लगा सके और उनके वाहन डिवाइडरों पर चढ़ गए, जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति बनने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यातायात पुलिस ने जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर तत्काल पुलिस बल तैनात किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीमें प्रभावित स्थानों पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू कर दिया। यातायात पुलिस कर्मियों ने नगर निगम और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सड़कों पर गिरे पेड़ों और अन्य अवरोधों को हटाया। कई स्थानों पर क्रेन की मदद से डिवाइडरों पर चढ़े और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सामान्य किया गया। जलभराव वाले क्षेत्रों में बैरिकेड और स्टॉपर लगाकर वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गों की जानकारी दी गई। वहीं दुर्घटना संभावित इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई।



# पेंशन, आधार, आयुष्मान कार्ड जैसी जरूरी सेवा के लिए आसानी से पंजीयन का आज अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आधार, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, सूर्यघर योजना, स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, कौशल विकास जैसी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए दुर्ग निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में पंजीयन शिविर लगाया गया है। जहां आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के साथ नए आवेदनों का पंजीयन और अपडेट से जुड़े काम किए जा रहे हैं। 20 जून को शिविर का अंतिम दिन है। शिविर में निगम के अलावा जिला, जनपद से लेकर अन्य प्रशासनिक विभागों के अधिकारी मौजूद हैं, जो लोगों की समस्याओं की सुनवाई के साथ उनका सार्थक निराकरण करा रहे हैं। उपायुक्त और नोडिल अधिकारी मोहेन्द्र साहू की निगरानी में यह शिविर 18 से 20 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को योजनाओं की जानकारी, पात्रता संबंधी मार्गदर्शन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि 20 जून तक आयोजित इस विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हों।

■ 2 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत दुर्ग निगम में 20 जून तक लगाया गया है शिविर



### 300 से ज्यादा लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

शिविर में 300 से ज्यादा लोग पहुंचे, जिनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड अपडेशन, पेंशन, राशनकार्ड से जुड़े आवेदन ज्यादा रहे। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। दूसरे दिन भी सुबह 11 बजे से नागरिकों की आवाजाही लगातार बनी रही। लोगों ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन कराया तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए पंजीयन एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता शर्तों तथा आवेदन प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## पचास लाख रुपए की लागत से कलेक्टोरेट परिसर के पार्किंग स्थल में लगेगा पेवर ब्लॉक

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के प्रमुख प्रशासनिक केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए वार्ड क्रमांक 38 स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के पार्किंग स्थल में 50 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, निगम सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर तथा वार्ड पार्षद रामचंद सेन की उपस्थिति में विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों का अवलोकन किया। महापौर ने अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं। पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य पूर्ण होने से पार्किंग व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी तथा नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, कार्यपालन अभियंता मो. सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम आदि उपस्थित थे।

■ महापौर अलका एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया भूमिपूजन

## शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस

# मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, जैन मंदिर, चर्च में प्रार्थना कर दिया समभाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर द्वारा अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहुल गांधी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक सद्भाव एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह राजीव भवन में वृक्षारोपण के साथ हुई। कांग्रेसजनों ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए पौधे लगाए तथा पर्यावरण के प्रति राहुल गांधी की प्रतिबद्धता को स्मरण करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

■ विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण भी हुआ

इसके बा कांग्रेसजनों ने शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों में पहुंचकर सर्वधर्म प्रार्थना की। चंडी मंदिर एवं राम मंदिर में पूजा-अर्चना, पुराना बस स्टैंड स्थित दरगाह में चादरपोशी, स्टेशन रोड गुरुद्वारा में अरदास, मेनोनाइट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा, जैन मंदिर में मंगल कामना तथा शंकर नगर स्थित बौद्ध विहार में शांति एवं सद्भाव के लिए प्रार्थना की गई। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं एवं वंचित वर्गों की आशाओं और आकांक्षाओं की सबसे सशक्त आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से देश के कोने-कोने तक पहुंचकर जनता के दर्द, संघर्ष और उम्मीदों को राष्ट्रीय मंच पर रखने का कार्य किया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, अलताफ अहमद सहित अन्य मौजूद थे।



### कांग्रेस पार्टी देश की विविधता, एकता और संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखती है

बाकलीवाल ने कहा कि जब देश में बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक असमानता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, ऐसे समय में राहुल गांधी ने संविधान, सामाजिक न्याय और भाईचारे की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है। यही कारण है कि देश का युवा वर्ग आज बड़ी संख्या में उनके विचारों से जुड़ रहा है। यह एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे, सामाजिक एकता और सर्वधर्म समभाव का संदेश देने का अवसर है। आज मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, जैन मंदिर और बौद्ध विहार में की गई प्रार्थनाएं इस बात का प्रतीक हैं कि कांग्रेस पार्टी देश की विविधता, एकता और संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखती है।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिन



**भिलाई।** स्टील कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर के कार्यालय में 19 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता और उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के सांसद राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। इस दौरान बिमान दास गोरा, फिरोज खान, शिव साहू, दर्शन सिंह, इतवारी देवांगन, अली हुसैन सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरकारी कॉलेज मचांदूर में संसाधनों की कमी, सफाई कर्मी और चौकीदार तक नहीं

## सीमित विषयों से घट रही छात्र संख्या-जनभागीदारी समिति ने विधायक ललित चंद्राकर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शासकीय महाविद्यालय मचांदूर में आधारभूत सुविधाओं के अभाव एवं सीमित विषयों के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है। कॉलेज में साफ-सफाई व रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए कर्मचारियों का पद स्वीकृत न होने से परिसर की व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं विज्ञान व कला संकाय में विषयों की कमी से ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए भटकने को मजबूर हैं। इस समस्या को लेकर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु एवं कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीता राम यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री ललित चंद्राकर से मुलाकात कर महाविद्यालय की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि महाविद्यालय परिसर बड़ा है, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन शासकीय मद में राशि उपलब्ध न होने के कारण सफाई कर्मी व रात्रिकालीन चौकीदार की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इससे कक्षाओं, शौचालयों व परिसर में गंदगी जमा हो रही है। साथ ही बहुमूल्य उपकरणों,फर्नीचर व लैब सामग्री की रात्रि में सुरक्षा नहीं हो पा रही है।

विज्ञान संकाय में केवल गणित,छात्राएं पलायन को मजबूर वर्तमान में कॉलेज के विज्ञान संकाय में केवल गणित विषय संचालित है। बायोलॉजी/बायो विषय न होने से 12 वीं के बाद नीट, कृषि, फार्मेसी,नर्सिंग आदि क्षेत्र में जाने की इच्छा रखने वाली छात्राओं को मचांदूर से बाहर अन्य कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्राएं दूरस्थ कॉलेज में न तो पढ़ पा रही हैं, न ही हॉस्टल खर्च वहन कर पा रही हैं। परिणामस्वरूप कॉलेज में छात्राओं की संख्या निरंतर कम हो रही है।



कला संकाय में अभी केवल अर्थशास्त्र,राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषय ही पढ़ाए जा रहे हैं। साहित्य,इतिहास,भूगोल जैसे लोकप्रिय विषयों के अभाव में छात्रों के पास विषय चयन के विकल्प सीमित रह गए हैं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु ने मांग रखी कि ₹अगर कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय प्रारंभ किया जाए तो स्थानीय स्तर पर हिंदी साहित्य,प्रतियोगी परीक्षाओं व शिक्षक पात्रता की तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी। इसलिए इस विषय की मांग सर्वाधिक है। समस्याएं सुनने के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सफाई व सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हेतु जनभागीदारी निधि/स्थानीय निधि से अस्थायी व्यवस्था कराने एवं नए विषयों की स्वीकृति के लिए उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बेटियों को बायो पढ़ने बाहर न जाना पड़े और छात्रों को हिंदी साहित्य घर पर ही मिले, इसके लिए मैं शासन स्तर पर प्रयास करूंगा- विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले विज्ञान संकाय में बायोलॉजी एवं कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय स्वीकृत कर, आवश्यक शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। साथ ही कॉलेज के रखरखाव हेतु सफाईकर्मी व चौकीदार के पद स्वीकृत कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीताराम यादव, नवाब खान, फलेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मचानदूर,सफीर खान,सहित पदाधिकारी, सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रवेली में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, दी किताबें

**पाटन।** ग्राम पंचायत रवेली के प्राथमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, दो सेट स्कूल ड्रेस और पुस्तक प्रदान करके प्रतिदिन विद्यालय आने और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभापति प्रणव शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ ही कक्षा पांचवीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बैग, कॉपी पेन देकर बिदाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस एम सी अध्यक्ष टिकेंद्र वर्मा, सरपंच लता ताराचंद वर्मा, जागेश्वर साहू, लुकेश्वरी साहू, ताराचंद वर्मा, पंचगण- सूधा वर्मा, मोहनी साहू, रमेश कुमार सोनवानी, गीतू साहू, प्रेमा वर्मा, रेखा ठाकुर, संतोष यादव, गोमती साहू, भीम सिंह साहू, भूषण लाल साहू, संदीप वर्मा, सदस्य गोविन्द वर्मा, लोकेश्वरी साहू, चमेली साहू, मालती साहू, जानकी यादव, मिलन विश्वकर्मा, गोविन्द, सविता निषाद, प्रशांत शर्मा अध्यक्ष पालक समिति सेजस विद्यालय घुघुवा क, खिलेश वर्मा संकुल समन्वयक, पालकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### उच्च शिक्षा में इतिहास रचा गोलछा परिवार की बेटियों ने



**जामगांव आर।** नवागांव के किसान सेठ पन्नालाल गोलछा परिवार की बेटियों ने उच्च शिक्षा में नए आयाम स्थापित किए हैं। श्री गोलछा की पौत्री विधि गोलछा सुपुत्री प्रकाश अंजू गोलछा ने मुंबई से बीए एलएलबी एलएलएम (इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज़ लॉ) किया है। वहीं उनकी बड़ी बहन सजल दंत रोग चिकित्सक है। एक औरबहन सुरभि ने पत्रकारिता में मुकाम हासिल किया। इस प्रकार तीनों बेटियों ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। विधि गोलछा का सम्मान एक आत्मीय माहौल में उनके परिवार जनों के साथ किया। विधि ने बताया कि बीए एलएलबी एलएलएम (इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज़ लॉ) करना उनके लिए आसान नहीं था लेकिन दादा और माता पिता का प्रेरणादाई मार्गदर्शन और सारा समर्थन खुलकर मिलता गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की शिकायत और खुलासे के बाद हरकत में आया प्रशासन

# जिले में अमानक खाद की सप्लाई, 5 विक्रेताओं पर कार्रवाई, नियम तोड़ने वाले 7 को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खरीफ फसल को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। इस बीच खाद-बीज को महंगे दाम में बेचे जाने, बीज की घटिया क्वालिटी, सप्लाई कम होने की शिकायत पर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन कर व्यवसाय करने वाले विक्रय केंद्रों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जब्ती की कार्रवाई की गई है। उप संचालक कृषि संदीप भोई के अनुसार जिले में अब तक 135 निजी एवं सहकारी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। जांच के दौरान स्टॉक संधारण में गड़बड़ी, उर्वरक (नियंत्रण) 1985 के नियमों का उल्लंघन कर विक्रय किये जाने पर 7 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 विक्रय केंद्र फालेन्द्र कृषि केन्द्र सेलूद में 18.5 लीटर, शीतल कृषि केन्द्र रानीतराई में 19 लीटर, देवेश साहू कृषि केन्द्र धमधा में 5 लीटर बायो स्टीम्यूलेंट, उर्वरक अनुज्ञप्ति में अतिरिक्त स्त्रोत समावेश किये बिना विक्रय करते पाये जाने एवं मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाईजर में 139 बोरी यूरिया, 144 बोरी एनपीके 11:30:14 बोरी व मेसर्स विद्या कृषि केन्द्र बोरी में यूरिया 504 बोरी, एस.एस.पी 470 बोरी, पोटाश 44 बोरी. ऑर्गेनिक मैन्योर 311 बोरी, बायो स्टीम्यूलेंट 1.8 किलोग्राम तथा मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र, पाटन में यूरिया 224 बोरी, एनपीके 20:20:0:13 45 बोरी अधिक मूल्य पर विक्रय की अनियमितता पाये जाने के पर उल्लेखित उर्वरकों को जब्ती कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण भेजा गया है। वहीं 5 विक्रय केंद्रों से उर्वरक नमूना विश्लेषण हेतु भेजने पर परिणाम अमानक स्तर का पाया गया है। अमानक उर्वरकों को जिले में विक्रय प्रतिबंधित कर पांचों विक्रेताओ को कारण बताओं नोटिस उर्वरक का विक्रय किये जाने के कारण विक्रय प्रतिबंद कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि इस विषय को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर खाद-बीज को लेकर जानकारी भी ली थी।

## शुक्रवार को कृषि विभाग की टीम खाद-बीज भंडारण के जांच को पहुंची



### कालाबाजारी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

सहकारी समितियों और अन्य जगहों पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज होने के बाद भी किसानों को लौटाया जा रहा है। उपलब्धता होने के बाद पिछले साल का खाद-बीज होने की बात कहकर नहीं दिया जा रहा। इस प्रकार की शिकायत को कृषि विभाग ने गंभीरता से लिया है। कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को खाद-बीज की किल्लत पैदा करने वाले. कालाबाजारी करने वाले या बिना वैध दस्तावेजों के अमानक उर्वरक विक्रय करने वाले कृषि केन्द्रों पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है. तो उसका लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के साथ-साथ वैधानीक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराएं तथा अधिक मूल्य वसूली की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### पाटन ब्लॉक की सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण

पाटन के ग्राम कुर्मीगुंडरा में किसानों के जल सत्याग्रह के बाद कृषि विभाग ने पाटन सहकारी समिति में भी जांच की। इस दौरान पर्याप्त खाद-बीज का भंडारण सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई की गई। कृषि एवं बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि आईएमएफएस पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक पाटन में इस वर्ष यूरिया 5556.78 मीट्रिक टन, एसएसपी 2763.07 मीट्रिक टन, पोटाश 1314.60 मीट्रिक टन, डीएपी 1105.05 मीट्रिक टन एवं एनपीके 1026.90 मीट्रिक टन का भंडारण है। 2025 की तुलना में इस वर्ष यूरिया में 959 मीट्रिक टन, एसएसपी में 460 मीट्रिक टन तथा पोटाश में 506 मीट्रिक टन का अधिक भंडारण किया गया है। कुर्मीगुण्डरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की गई। 15 हितग्राहियों के पास पूर्व से ही स्वयं का पक्का मकान होना पाया गया। नियमों के अनुरूप पक्का मकान होने के कारण पात्रता की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर, जिला स्तरीय अपीलीय समिति के अनुमोदन और गहन परीक्षण के उपरांत इन सभी 15 आवेदकों को विधिवत अपात्र घोषित किया गया।




## 'मोदी के बेमिसाल 12 साल' का उत्सव मनाया भाजपा महिला मोर्चा ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कुम्हारी मंडल में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के 12 साल का उत्सव मनाया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर के मार्गदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा एवं जूली सिंह के नेतृत्व में मंडल स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे मंडल की सभी नवनिर्वाचित महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक का कार्यक्रम, महिलाओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम पश्चात विजेता महिलाओं और बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता राव एवं जिला पदाधिकारी सुनीता कुर्रे, जूही चंद्राकर, रीता पाण्डेय स्मिता राघाटाटे, पार्षद उमेश्वरी साहू, रितिका यादव, लता साहू, हेमलता निषाद आदि रागिनी निषाद, योगिता वर्मा, गीता निर्मलकार, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष जूली सिंह महामंत्री स्वर्णलता साहू, उपाध्यक्ष साधना स्वर्णकार, प्रभा बंजारे, शकुन खेलवार, राधा ठाकरे, मंत्री संगीता गेन्द्रे, वीणा वर्मा, पूर्णिमा मार्कण्डेय, कोषाध्यक्ष जे लक्ष्मी राव, कोमल दुबे, मीडिया प्रभारी पिंकी सिल, सोशल मीडिया प्रभारी नीतू पॉल, कार्यालय मंत्री नीलम बंजारे, बबीता शर्मा आई टी सेल तरूणी साहू एवं गंगा मढ़रिया ने मंच से उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

# दिन का पारा भी दो डिग्री गिरा, शाम को तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश

**भिलाई।** ट्विनसिटी में लगातार तीसरे दिन शाम को मौसम ने करवट ली। शुक्रवार को पूरे दिन धूप-छांव का खेल चला। शाम को अचानक आसमान पर काले बादल छाए। तेज हवाएं भी चली। गरज- चमक के साथ हल्की बारिश भी हुई। हालांकि यह बारिश पूरे शहर में नहीं थी। सुपेला, पावरहाउस, छावनी, रिसाली सेक्टर, मरोदा सेक्टर, सेक्टर 6, सेक्टर 5 और दुर्ग शहर के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश चली। पिछले तीन दिनों से यानी बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को शाम को मौसम में ऐसा ही बदलाव आ रहा है और बारिश हो रही है। जिसकी वजह से दिन का तापमान कम होने लगा है। शुक्रवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस था। रात में बादल छाए रहने की वजह से सुबह सूर्यदेव भी बादलों की ओट में छिपे हुए रहते हैं। सुबह 9 बजे के बाद धूप खिलती है जो दोपहर तक बनी रहती है।



### इस तरह चल रहा मौसम सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब से हरियाणा और उत्तर प्रदेश में होते हुए बिहार तक मौसमी द्रोणिका समुद्र तल पर बनी हुई है। एक द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश होते हुए तमिलनाडु तक समुद्र तल में 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है।

### आज भी बारिश का है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक 20 जून को दुर्ग सहित प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। दो दिन बाद एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 38C और 28C के आसपास रहने की संभावना है।

### लेनदेन को लेकर नाबालिगों ने मिलकर की युवक की हत्या

**भिलाई।** पशु आहार किसान राईस मिल शक्ति नगर स्थित कुए में युवक की लाश सुबह मिलने से सनसनी फैल गई।खोजबीन में पता चला कि युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। मोहन नगर पुलिस जांच में जुट गई। 24 घंटे के भीतर सात नाबालिगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर शव का शिनाख्त भी किया। पुलिस ने बताया कि 18 जून की रात दुर्गा सारथी के सूचना पर उक्त राईस मिल में 26 वर्षीय युवक शक्ति नगर दुर्ग निवासी यशवंत सारथी की लाश मिली थी। पुलिस ने उसके फोटो के आधार पर शिनाख्त किया। पुलिस जांच में पाया गया कि यशवंत को सिर पर कठोर वस्तु से मारकर, सीना, पेट, पीठ में कटर से वार कर मौत के घाट उतार कर मौके से फरार हो गए।

## पेज 11 के शेष

### बुजुर्ग दंपत्ति पर आधी...

जेवर खींच लिया। इस दौरान महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके गले में खरोंच और सूजन आ गई। महिला की चीख सुनकर पास में सो रहे पति लखनलाल की नींद खुली। उन्होंने शोर मचाने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपी जेवर लेकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मोटरसाइकिल से थाना खम्हरिया की ओर भाग निकले। पीड़ितों के अनुसार दोनों आरोपियों ने चेहरे पर स्कार्फ बांध रखा था, जिसके कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी।

### कुष्ठ रोग खोज सर्वे ...

अधिकारी डॉ. बी.एल. राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में मितानिन प्रशिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, संभावित मरीजों की पहचान एवं रिपोर्टिंग की विधि पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही आगामी पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की रणनीति, कोल्ड चेन मेंटेनेंस, बूथ संचालन एवं माइक्रोप्लान तैयार करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने कहा कि कुष्ठ रोग अब पूरी तरह उपचार योग्य बीमारी है। समय पर पहचान और मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से मरीजों को पूर्णतः स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सर्वेक्षण के दौरान पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी संदिग्ध मरीज सर्वे से छूटना नहीं चाहिए। वहीं डीएचओ डॉ. बी.एल. राज ने पल्स पोलियो अभियान को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास (हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस) भी कराया गया। साथ ही प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा फील्ड विजिट एवं अभियान के दौरान कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सामग्री, किट एवं जनजागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी, बीईई, सुपरवाइजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू सहित क्षेत्र की समस्त मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग ने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के सहयोग से कुष्ठ खोज सर्वे एवं पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफलता मिलेगी।

### अंतर्जातीय विवाह योजना...

इससे कार्यालय की साख और छवि प्रभावित हुई है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3(ख) का उल्लंघन है।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए सहायक ग्रेड-02 विनय कुमार कुर्रे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय साजा निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।ः

**भ्रष्टाचार के मामलों में नहीं होगी कोई नरमीः** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी या अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि शासकीय कार्यों में किसी प्रकार की अवैध मांग या अनियमितता की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# महेश नवमी पर माहेश्वरी युवा संगठन का सराहनीय प्रयास, रक्तवीरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी युवा संगठन बेमेतरा द्वारा समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बेमेतरा के ब्लड बैंक के सहयोग से माहेश्वरी भवन में आयोजित इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदाताओं ने कुल 52 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू के निर्देशन में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष हर्ष माहेश्वरी, सचिव दीपक डांगरा, महिला मंडल अध्यक्ष हंसा माहेश्वरी, समाजसेविका नीतू कोठारी, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, चंद्र प्रकाश मुंद्रा, अमित माहेश्वरी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद मरीजों के लिए बने जीवनदाता, रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रहित

### "रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं" : हर्ष माहेश्वरी

माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष हर्ष माहेश्वरी ने कहा कि महेश नवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा और परोपकार का भी संदेश देती है। उन्होंने कहा कि "रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाने में सहायक बन सकता है। समाज के युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी 52 रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



### ब्लड बैंक की जरूरतों को मिलेगा सहारा

सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने माहेश्वरी समाज के इस सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में अक्सर ब्लड बैंक में रक्त की कमी की स्थिति बन जाती है। ऐसे समय में आयोजित रक्तदान शिविर मरीजों के लिए संजीवनी साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहित रक्त का उपयोग जिला चिकित्सालय में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के उपचार में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने माहेश्वरी युवा संगठन, सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगी समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस मानवीय पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

### चिकित्सकीय टीम ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

*रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम का विशेष योगदान रहा। प्रभारी रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. पी.आर. पोपटानी (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. बुद्धेश्वर वर्मा (चिकित्सा अधिकारी), भूपेन्द्र कुर्रे (एमएलटी), कुलेश्वरी साहू, विनेश्वर जायसवाल (काउंसलर), हरिशंकर, धन्नू वर्मा, विष्णु पटेल, वाहन चालक रामचरण एवं वार्ड बॉय राधे साहू ने शिविर के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।*

## खबर संक्षेप

### मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपी और एक खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तनामी पारा, ग्राम तर्रीघाट,पाटन निवासी मानषु टण्डन, ग्राम सिवनी अजित बंधेल,पटेल पारा पाटन खिलेश्वर पटेल, राजेन्द्र नगर रायपुर सल्की देवांगन को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने सोने का गुलबंद, एयररिंग, नगदी 10 हजार रुपए कुल 1.43 लाख रुपये का आंका गया।

### नीट की परीक्षा आज

**दुर्ग।** नीट-2026 परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 21 जून को जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी।

### वाहन चालक गिरफ्तार

**भिलाई।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वृद्ध को ठोकर मारने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर हथखोज भिलाई 3 निवासी उमेश कश्यप के पिता शिवदयाल कश्यप सायकल से राजीव नगर की ओर जा रहे थे। इस दौरान माल वाहक ने ठोकर मार दी। हादसे में शिव दयाल की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन सीजी 07 सीवाई 5936 का चालक ढांचा भवन कुरुद निवासी दीपक कुमार अनंत को गिरफ्तार किया गया।

### कैंप एक स्कूल में दर्ज संख्या 425, आ रहे केवल 25 बच्चे

**भिलाई।** भीषण गर्मी की वजह से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम हो गई है। दर्ज संख्या के अनुपात में कई स्कूलों की उपस्थिति इतनी कम है कि शिक्षक पढ़ाई तक नहीं करवा पा रहे हैं। शिक्षक स्टॉफ रूम में बैठे हुए समय काट रहे हैं। स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान इसका खुलासा हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संस्था प्रमुखों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन विद्यार्थियों को स्कूल तक लाए कैसे यह शिक्षकों की प्रमुख समस्या बनी हुई है। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कालखंडों में प्रायोगिक कार्य नहीं जोड़ा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने समस्त संस्था प्रमुखों को अध्यापन कक्ष, शाला प्रांगण, शौचालय व यूरिनलों को स्वच्छ रखने कहा है। विद्यार्थियों को पीने योग्य पानी तथा तैयार की गई कालखण्ड में प्रायोगिक कार्य को जोड़े जाने तथा नियमित प्रायोगिक कार्य कराये जाने के निर्देश सभी संस्था प्रमुखों को दिए हैं।

### स्क्रैप चोरी के मामले की सीबीआई कर सकती है जांच, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी में बीस सालों से चल रहे स्क्रैप चोरी के मामले की सीबीआई जांच हो सकती है। इसे लेकर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भारत सरकार के गृह मंत्री, इस्पात मंत्री और केन्द्रीय जांच समितियों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच कर शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करेंगे। इधर पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक हथखोज स्थित एके ट्रेडर्स में पुलिस ने दबिश देकर बीएसपी का करोड़ों का लोहा जब्त कर अब तक मास्टर माइंड समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मास्टर माइंड संजय सिंह का पुत्र अभय सिंह अब भी पुलिस पकड़ से बाहर है। लोहा चोरी के सिडिकेट में किन-किन बड़े ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार की संलिप्ता है।

## सफाई और सौंदर्यीकरण की मांग वर्षों से लंबित

# आस्था के केंद्र शीतला तालाब पर गंदगी का कब्जा, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत मनियारी में स्थित शीतला मंदिर परिसर के समीप बने शीतला तालाब (कुंड) की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। आस्था और श्रद्धा का केंद्र माने जाने वाले इस तालाब में फैली गंदगी, कचरे के ढेर, गली-मोहल्लों से आने वाले गंदे पानी तथा उगी हुई जलघास (चितावर) ने पूरे क्षेत्र की सुंदरता को प्रभावित कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार शीतला मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर के समीप स्थित तालाब की दुर्दशा लोगों की आस्था को ठेस पहुंचा रही है। तालाब में लगातार गंदे पानी का जमाव होने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के वार्डवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी और बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सौंदर्यीकरण का मामला नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। यदि समय रहते तालाब की सफाई और समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

■ शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता पर उठे सवाल

### कई बार आवेदन, फिर भी नहीं हुई सुनवाई

ग्राम मनियारी के निवासी रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि वार्ड क्रमांक-10 स्थित शीतला मंदिर के समीप बना कुंडनुमा तालाब लंबे समय से गंदगी की चपेट में है। इस संबंध में जिला प्रशासन को लिखित आवेदन भी दिया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। वहीं शीतला सेवा समिति के सदस्य रामदयाल साहू ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कई बार सरपंच एवं सचिव को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि प्रशासन और पंचायत स्तर पर पहल कर तालाब की साफ-सफाई कराई जाएगी, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से लोगों में निराशा बढ़ रही है।

### कागजी दावों और जमीनी हकीकत में अंतर

*ग्रामीणों का आरोप है कि स्वच्छता और ग्रामीण विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही तस्वीर बयां कर रहे हैं। गांव के प्रमुख धार्मिक स्थल के समीप स्थित तालाब की उपेक्षा प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। ग्रामीणों एवं वार्डवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निम्न मांगों को पूरा करने की मांग की है, शीतला तालाब की व्यापक साफ-सफाई कराई जाए। तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए। तालाब के चारों ओर पचरी (पाथवे) का निर्माण किया जाए। सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए बाउंड्रीवाल बनाई जाए। परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शीतला तालाब की बदहाल स्थिति अब केवल एक स्थानीय समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बनती जा रही है। धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे पर ग्रामीणों को अब प्रशासन की ठोस कार्रवाई का इंतजार है। लोगों का मानना है कि यदि तालाब का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाए तो यह न केवल गांव की पहचान बनेगा, बल्कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए भी एक स्वच्छ एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा।*

## एक कदम स्वच्छता की ओर : स्वच्छ एवं सुंदर नगर बनाने का संकल्प



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 साल बेमिसाल पूर्ण होने के अवसर पर नगर में एक कदम स्वच्छता की ओर" अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं स्वच्छता प्रभारी निशा चौबे के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी के सहयोग से ही स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर नगर का निर्माण संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। वहीं स्वच्छता प्रभारी निशा चौबे ने कहा कि नगर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही स्वच्छता के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया इस अवसर पर सभापति नीतू कोठारी मंडल अध्यक्ष युगल देवागन, धर्मेन्द्र साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष हेतुल्य सिंह, गजाधर साहू ,सूरज साहू ,वैभव तिवारी, उपस्थित रहे।

# शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस बेमेतरा में उत्साहपूर्वक मनाया

**बेमेतरा।** शिवसेना के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थापना दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय सिग्नल चौक बेमेतरा में किया गया, जहां शिवसेना के संस्थापक स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने कहा कि शिवसेना की स्थापना 19 जून 1966 को मुंबई के शिवाजी पार्क, दादर में स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी आज अपने 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर चुकी है और जनहित, राष्ट्रहित तथा समाज सेवा के कार्यों के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रमुख डॉ. आनंद मल्होत्रा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में शिवसेना का स्थापना दिवस मनाया गया। इसी क्रम में बेमेतरा जिले में भी कार्यकर्ताओं ने जनसेवा के उद्देश्य से फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया तथा आमजन के बीच पहुंचकर पार्टी की विचारधारा और सामाजिक सरोकारों को साझा किया। प्रदेश महासचिव ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में जिला सलाहकार दानी यादव, बनवाली यादव, शिवकुमार चौहान, नवागढ़ ब्लॉक प्रमुख रोहित यादव, प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह का समापन संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्प के साथ किया गया।

■ बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया फल वितरण

# योग दिवस समारोह के मुख्य अतिथि में बदलाव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस समारोह के मुख्य अतिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, लेकिन उनके विदेशी मामलों के स्टैंडिंग कमेटी के अध्ययन दौरे (स्टडी टूर) पर 21 जून से 27 जून तक जम्मू ,कारगिल एवं लेह जाने के कारण कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार सांसद विजय बघेल को विदेश मामलों से संबंधित अध्ययन भ्रमण पर जाना है तथा 21 जून को ही उनकी उड़ान निर्धारित होने के कारण वे योग दिवस समारोह में उपस्थित नहीं हो सकेंगे। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निवेदन कर अपनी अनुपस्थिति की जानकारी देते हुए किसी अन्य जनप्रतिनिधि को मुख्य अतिथि बनाए जाने का अनुरोध किया था। सांसद विजय बघेल के अनुरोध पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में संशोधन करते हुए राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा को बेमेतरा जिले में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का मुख्य अतिथि नियुक्त किया है।

अब राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। जिला प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

■ सांसद विजय बघेल के विदेशी मामलों के स्टैंडिंग कमेटी के अध्ययन दौरे के कारण किया गया संशोधन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जारी किए नए निर्देश

# रिजल्ट लंबित, आधी-अधूरी किताबें और शिक्षकों की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था बेहाल : श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला प्रवक्ता श्रवण कुमार साहू ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि एक ओर नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। यह स्थिति प्रदेश सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

श्रवण कुमार साहू ने कहा कि बेमेतरा जिला सहित प्रदेश के अनेक जिलों में आज तक कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं किया गया है। परिणाम के अभाव में विद्यार्थी और पालक असमंजस की स्थिति में हैं। नया सत्र प्रारंभ होने के बावजूद बच्चों को यह तक स्पष्ट नहीं है कि उनका परिणाम क्या रहा और आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया कैसे संचालित होगी। शिक्षा विभाग की यह लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद भी अधिकांश विद्यालयों में केवल लगभग 50 प्रतिशत पाठ्य-पुस्तकें ही पहुंच पाई हैं। कई बच्चों को बिना किताब के पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है, लेकिन जब विद्यार्थियों के हाथ में समय पर पुस्तक ही नहीं पहुंचेगी तो शिक्षा का स्तर कैसे सुधरेगा? श्रवण कुमार साहू ने प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी को सबसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि अनेक प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय शिक्षकों के अभाव से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से हायर सेकेंडरी स्कूलों में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, वाणिज्य एवं अन्य विषयों के शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है और उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव से मांग करते हुए कहा कि तत्काल 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया जाए, सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत पाठ्य-पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा रिक्त शिक्षक पदों पर शीघ्र भर्ती कर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने चेतावनी दी है कि यदि शिक्षा से जुड़े इन बुनियादी मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षा प्रेमियों के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगा। शिक्षा किसी भी प्रदेश के भविष्य की नींव होती है और इसके साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।

■ आधी-अधूरी किताबों के सहारे पढ़ाई, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

## भाजपा महिला मोर्चा के आयोजन में विभिन्न समाजों की प्रमुख महिलाओं का सम्मान

# 12 साल बेमिसाल, भारत का आत्मसम्मान वैश्विक मंच पर स्थापित: हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा द्वारा शुभकामना पैलेस एंड रिसॉर्ट में "12 साल बेमिसाल" विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय रहीं, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हर्षिता पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष इसलिए बेमिसाल हैं क्योंकि इन वर्षों में भारत का आत्मसम्मान वैश्विक स्तर पर नई पहचान के साथ स्थापित हुआ है,भारत आज विश्व की प्रमुख शक्तियों में शामिल होकर आत्मविश्वास के साथ अपने हितों और संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहा है,उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना और सुशासन के क्षेत्र में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम की विशेषता विभिन्न समाजों की महिलाओं की सहभागिता रही,माहेश्वरी समाज की रेणु राठी, साहू समाज की रीना साहू, सिंधी समाज की रेखा खिलियानी तथा ब्राह्मण समाज की ममता तिवारी सहित विभिन्न समाजों की महिला प्रतिनिधियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। मातृशक्ति की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई,प्रतियोगिता में श्वेता वर्मा प्रथम, रानू साहू द्वितीय तथा शालिनी ममुत्तर तृतीय स्थान पर रहीं,वहीं बिना गैस चूल्हे के तैयार हेल्दी फूड प्रतियोगिता में आयुषी राजपाल ने प्रथम, अन्नू वर्मा ने द्वितीय तथा शनिया मन्नोत्तर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,विजेताओं को हर्षिता पांडे द्वारा पुरस्कृत किया गया।

■ रंगोली व हेल्दी फूड प्रतियोगिता में दिखी मातृशक्ति की प्रतिभा



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नीतू कोठारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेरणा शौर्यजीत सिंह, लक्ष्मीलता वर्मा, सबीना खान, जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय, भाजपा उपाध्यक्ष अमिता सिन्हा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पिंकी नेमा, मंत्री मनीषा शर्मा, महामंत्री मधु राजपूत, नवगढ़ जनपद उपाध्यक्ष माया बारले, कार्यालय मंत्री कमला साहू, सह कार्यालय मंत्री शीलू साहू सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं स्थानीय मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में किया गया,उपस्थित वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों तथा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को ऐतिहासिक बताते हुए उनके 12 वर्षों के कार्यकाल को भारत के नवयुग का आधार बताया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि जिले में महिला मोर्चा अपनी मजबूत स्थिति रेखांकित कर रही है

# भाजयुमो ने चलाया पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

**बेमेतरा/बेरला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा सरदा मंडल द्वारा हाई स्कूल मैदान, कठिया में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजयुमो सरदा मंडल के नेतृत्व तथा पर्यावरण प्रेमी संगठन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान नीम, पीपल, बरगद, आम और अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम के साथ-साथ हाई स्कूल मैदान परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर पूरे परिसर की सफाई की और मैदान को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजयुमो सरदा मंडल अध्यक्ष किशन साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति कर रहा है। उनके 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर हमने यह वृक्षारोपण किया है। हमारा उद्देश्य 'स्वच्छ भारत, हरित भारत' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। महामंत्री अभिषेक साहू ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। वहीं महामंत्री भगवती साहू ने युवाओं से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम का समापन 'पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ' के नारों के साथ हुआ।